तापमान

भोपाल	30.0°	14.0°
इंदौर	28.5°	16.5°
जबलपुर	29.6°	13.0°
ग्वालियर	26.3°	12.3°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल: वर्ष 39 अंक 351,पृष्ठ 12)
बुधवार 20 नवम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... ग्रामीण विकास उत्सव, उत्पादों और कारीगरों के...

खेल... ऑस्ट्रेलिया वनडे के लिए भारतीय महिला टीम घोषित...

व्यापार... पुणित गोयनका ने जी-एंटरटेनमेंट के एमडी पद से...

देश-विदेश... नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा बैठकः 11 बिंदुओं पर...

www.naiduniaonline.com

राष्ट्रपति लूला ने मोदी से किए जी20 आयोजन से जुड़े हैरान करने वाले खुलासे

भारत ने जो पिछले साल कर दिखाया वो अबकी बार ब्राजील करना चाह रहा

रियो डि जनेरियो (एजेंसी)। ब्राजील में भारतीय मूल के लोगों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यहां पहुंचने पर मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया। ब्राजील में उनके स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

द्विपक्षीय बैठक की शुरुआत करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने पीएम मोदी से कहा कि उन्होंने अपने जी20 में बहुत सी चीजें करने की कोशिश की है जो भारत में जी20 से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि ब्राजील शिखर सम्मेलन के आयोजन में दक्षता के उस स्तर तक पहुंचना चाहता है जो भारत ने पिछले साल दिखाया था। रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डा सिल्वा ने प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन में गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए राष्ट्रपति लूला का आभार। नाइजीरिया की दो-दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद यहां पहुंचे मोदी ने शिखर सम्मेलन से इतर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस से भी मुलाकात की। मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ भी बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन अपने संबोधन में कहा कि वैश्विक संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से 'ग्लोबल साउथ' के देश सबसे अधिक प्रभावित हैं और जी-20 को इसे दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत संतोष की बात है कि हमने एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) को प्राथमिकता दी। हमने समावेशी विकास, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और युवा शक्ति पर ध्यान केंद्रित किया। और 'ग्लोबल साउथ' की आशाओं और आकांक्षाओं को पंख दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट है कि एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य (विषय)इस शिखर सम्मेलन में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि पिछले साल था।

माल्या-नीरव पर कसेगा शिकंजा: रियो डी जनेरियो में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ बेहद सार्थक बैठक हुई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत के लिए, यूके के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यंत (शेष पेज 2 पर)

भारत का दौरा करेंगे पुतिन जल्द होगा तारीखों का ऐलान

क्रेमलिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा कर सकते हैं। रूस की प्रमुख समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने पेस्कोव के हवाले से कहा कि मुझे उम्मीद है कि जल्द ही, बहुत जल्द ही हम उनकी (व्लादिमीर पुतिन) यात्रा की सटीक तारीखें तय कर लेंगे। आप जानते हैं कि हमारे नेता एक-दूसरे के यहां दौरे करते रहते हैं। इसलिए, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री मोदी की रूस की दो यात्राओं के बाद, अब राष्ट्रपति पुतिन के भारत आने की उम्मीद है। पेस्कोव ने कहा कि हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम इस यात्रा के लिए बहुत सावधानी से तैयारी शुरू करेंगे। हम इस क्षण को बहुत महत्व देते हैं। अभी मेरे पास कोई तारीख नहीं है। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव ने यह भी बताया कि रूसी राष्ट्रपति के साथ अपने संबंधों के कारण भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पेसकोव ने कहा कि कम से कम वह (पीएम मोदी) सीधे तौर पर (रूसी राष्ट्रपति से) जानकारी प्राप्त कर (शेष पेज 2 पर)

फिर शुरू होगी कैलाश मोनसरोवर यात्रा, भारत से मिलेगी सीधी उड़ान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सामान्य स्थिति की बहाली के बाद दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें और अगले वर्ष से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर सैद्धांतिक सहमति बनी है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य तथा विदेश मंत्री वांग यी के बीच जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर ब्राजील के रियो डि जनेरियो शहर में मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने माना कि हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी ने शांति और स्थिरता बनाए रखने में योगदान दिया है। चर्चा भारत-चीन संबंधों में अगले कदमों पर केंद्रित रही। इस बात पर सहमति हुई कि विशेष प्रतिनिधियों और विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की एक बैठक जल्द ही होगी। दोनों पक्षों के बीच जिन कदमों को उठाने के बारे में चर्चा हुई उनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा तीर्थयात्रा को फिर से शुरू करना, सीमा पार नदियों पर डेटा साझा करना, भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें और मीडिया आदान-प्रदान शामिल थे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वैश्विक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर, विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच मतभेद और समानताएं दोनों हैं। हमने ब्रिक्स और एससीओ ढांचे में रचनात्मक रूप से काम किया है। जी 20 में भी हमारा सहयोग स्पष्ट रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि हम बहुध्रुवीय एशिया सहित बहुध्रुवीय दुनिया के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। जहां तक? भारत का सवाल है, इसकी विदेश नीति सैद्धांतिक और सुसंगत रही है, जो स्वतंत्र विचार और कार्रवाई से चिह्नित है। हम प्रभुत्व स्थापित करने के एकतरफा दृष्टिकोण के खिलाफ हैं। भारत अपने रिश्तों को दूसरे देशों के चश्मे से नहीं देखता। चीन के विदेश मंत्री ने डॉ. जयशंकर से सहमति व्यक्त की कि भारत-चीन संबंधों का विश्व राजनीति में विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता आगे बढ़ने के रास्ते पर कज़ान में सहमत हुए थे। दोनों मंत्रियों ने महसूस किया कि यह जरूरी है कि ध्यान संबंधों को स्थिर करने, मतभेदों को प्रबंधित करने और अगला कदम उठाने पर होना चाहिए।

खास-खबरें

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक 24 को

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले 24 नवंबर को पारंपरिक सर्वदलीय बैठक बुलायी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि बैठक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के परिप्रेक्ष्य में बुलायी गयी है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर को समाप्त होगा। बैठक का उद्देश्य विपक्षी दलों को विधायी एजेंडे के बारे में जानकारी देना और बहस के लिए विषयों पर चर्चा करना है। इसके अलावा संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पुराने संसद भवन में संविधान सदन में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

खुफिया एजेंसियों को मिला इनपुट, जारी हुआ हाई अलर्ट

जम्मू (एजेंसी)। आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने की तैयारी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय एजेंसियों को खुफिया इनपुट मिला है कि पाकिस्तान की ओर से करीब 120 आतंकी घुसपैठ कर सकते हैं। इसी को देखते हुए पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और भारतीय सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सर्दियों में अकसर जम्मू-कश्मीर में आतंकियो की घुसपैठ के मामले बढ़ जाते हैं। ऐसे में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों के जवान चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। खासकर बॉर्डर इलाकों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

फिल्म द साबरमती रिपोर्ट प्रदेश में टैक्स फ्री होगी : डॉ. यादव

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फिल्म द साबरमती रिपोर्ट मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री होगी। उन्होंने कहा कि अतीत की घटनाओं को तथ्यपरक रूप से फिल्म में प्रस्तुत किया गया है।

अधिक से अधिक लोग यह फिल्म देख सकें, इस उद्देश्य से फिल्म को टैक्स फ्री किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि साबरमती एक बहुत अच्छी फिल्म है। मैं व्यक्तिगत रूप से इसे देखने जा रहा हूं। मैं अपने मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को भी अपने साथ ले जा रहा हूं। मैं बताना चाहता हूं कि हम इसे टैक्स फ्री करने जा रहे हैं ताकि अधिक लोग इसे देख सकें। अतीत के काल का वो ऐसा काला अध्याय है, जिसकी सच्चाई इस फिल्म को देखने के बाद समझ में आती है। राजनीति अपनी जगह है लेकिन वोटों की राजनीति के लिए इतना गंदा खेलना बहुत खराब बात थी। मेरा मानना है कि उस समय प्रधानमंत्री मोदी तत्कालीन मुख्यमंत्री थे और उन्होंने बेहद कुशलता के साथ पूरी घटना को संभाला (शेष पेज 2 पर)

घने कोहरे में लिपटी राजधानी दिल्ली

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन घनी धुंध छायी रही और प्रदूषण का स्तर 488 पर पहुंचे एक्यूआई के साथ बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। मंद हवाओं और गिरते तापमान के कारण प्रदूषक कणों का छंटना मुश्किल हो गया। दिल्ली के आसपास के इलाकों में पराली जलाने की घटनाओं के कारण उससे निकला धुंआ और प्रदूषक ठंडी हवा में घुलमिल जाते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को इस मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जब पारा पिछली रात के 16.2 डिग्री सेल्सियस से घटकर 12.3 डिग्री

सेल्सियस पर पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 488 दर्ज किया गया। राजधानी के 32 निगरानी केंद्रों में से 31 ने एक्यूआई का स्तर 480 से अधिक दर्ज किया। दो केंद्रों, अलीपुर और सोनिया विहार में यह अधिकतम 500 रहा। सोमवार को दिल्ली में छह वर्षों में दूसरी बार सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई और एक्यूआई 494 तक पहुंच गया। दिल्ली की वायु गुणवत्ता रविवार को पहली बार 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई, जिसके कारण अगली सुबह ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान के चरण चार के तहत कड़े प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करना पड़ा। इन उपायों के तहत आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या स्वच्छ ईंधन का उपयोग करने वाले ट्रकों को छोड़कर अन्य सभी ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध, निर्माण और तोड़ फोड़ की गतिविधियों पर पाबंदी तथा स्कूलों को बंद करना शामिल है।

प्रधानमंत्री को हठ छोड़कर मणिपुर का दौरा करना चाहिएः चिदंबरम

मदुरै (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना हठ छोड़कर मणिपुर का दौरा करना चाहिए और राज्य के लोगों से विनम्रता से बात करने के साथ ही उनकी शिकायतों और आकांक्षाओं को सीधे जानना चाहिए।

श्री चिदंबरम ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि मणिपुर संकट का समाधान 5,000 और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस जवानों को भेजना नहीं है। यह स्वीकार करना अधिक समझदारी है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह इस संकट के कारण हैं और उन्हें तत्काल हटा देना चाहिए। चिदंबरम ने कहा कि 5000 से अधिक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस जवानों को भेजना मणिपुर संकट का समाधान नहीं है। यह अधिक बुद्धिमानी है। यह स्वीकार करना कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह संकट का कारण हैं और उन्हें तुरंत हटाना है।

झारखंड की जनता ध्यान रखे, रांची को कराची न बनने देंः गिरिराज

रांची (एजेंसी)। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को झारखंड के लोगों को एकजुट होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग जब मतदान करने जाएं, तो इस बात का विशेष ध्यान रहे कि उन्हें रांची को किसी भी कीमत पर कराची नहीं बनने देना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं झारखंड के मतदाताओं से निवेदन करूंगा, जब आप मतदान करने जाएं, तो यह जरूर सोचे कि दुमका डिवीजन में लगातार हिंदुओं की आबादी घट रही है।

रोहिंग्या मुस्लिम लगातार आदिवासियों की बेटियों से शादी कर रहे हैं। यह लोग बेटी, माटी और रोटी तीनों छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुमका, साहिबगंज, देवघर या पलामू हो। अगर आप जिलेवार पूरी स्थिति को समझने का प्रयास करेंगे, तो आपको खुद ब खुद पूरी स्थिति के बारे में पता चल (शेष पेज 2 पर)

महाराष्ट्र और झारखंड में वोटिंग आज, तैयारी पूरी 23 को आएंगे नतीजे

नई दिल्ली (एजेंसी)। 20 नवंबर को महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों और झारखंड चुनाव के दूसरे चरण की शेष 38 विधानसभा सीटों पर मतदान के लिए वोट डाले जाएंगे। ये चुनाव न केवल किसी भी राज्य में क्षेत्रीय क्षत्रपों के लिए एक बड़ी परीक्षा के रूप में हैं। यह देश में विपक्ष के साथ-साथ सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए भी राष्ट्रीय कथानक को आकार देगा। एक ओर, महाराष्ट्र या झारखंड में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत लोकसभा चुनावों में अपने खराब प्रदर्शन के बोझ तले दबी सत्तारूढ़ सरकार को वापस पटरी पर ला देगी। वहीं, दूसरी ओर, किसी भी राज्य में जीत विपक्षी इंडिया गुट के लिए गति वापस लाएगी और यह साबित करेगी कि हरियाणा में झटका एक भूल थी जबकि व्यापक भावना इसके पक्ष में बनी हुई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव न केवल यह तय करेंगे कि ब्रांड मोदी समय की कसौटी पर खरा उतरा है या नहीं, बल्कि यह यह भी निर्धारित करेगा कि क्या दलित और ओबीसी, जो केंद्र और कई राज्यों में भाजपा की जीत के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं, लोकसभा चुनावों में पार्टी को छोड़कर वापस आ गए हैं।

भारत को मुक्त व्यापार समझौतों में समानता संतुलन, निष्पक्षता की तलाशः गोयल

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करते समय समानता, संतुलन और निष्पक्ष व्यापार चाहता है। श्री गोयल मंगलवार को मुंबई में 27वें सीआईटीआईसी सीएलएसए इंडिया फोरम की एक बैठक में मुख्य वक्ता थे। श्री गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत ऐसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करना चाहता है जिनकी नीतियां पारदर्शी और खुली हैं तथा वहां की सरकारी आर्थिक प्रणालियां भारत के साथ मेल खाती हैं। गौरतलब है कि भारत इस समय ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, पेरू और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए द्विपक्षीय वार्ताएं कर रहा है। आस्ट्रेलिया के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते की बातचीत भी प्रगति पर है।

स्पेशल खबर *महाराष्ट्र में चुनाव से पहले बवाल, भाजपा नेता विनोद तावड़े पर...*

बीवीए कार्यकर्ताओं ने पैसे बांटने का लगाया आरोप

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले बहुजन विकास अघाड़ी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तवाड़े पर संगीन आरोप लगाए हैं।

बहुजन विकास अघाड़ी के विधायक क्षितिज ठाकुर और उनके कार्यकर्ताओं का आरोप है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले विनोद तावड़े पैसे बांटने आए थे। इसके बाद विनोद तावड़े को पालघर के नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने घेर लिया और जमकर हंगामा किया। हालांकि, भाजपा के दिग्गज नेता तावड़े ने उनके इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि नालासोपारा के विधायकों की एक बैठक चल रही थी। मतदान के दिन के लिए आदर्श आचार संहिता, वोटिंग मशीनों को कैसे सील किया जाएगा और अगर कोई आपत्ति करनी है तो कैसे किया जाएगा। मैं उन्हें इसके बारे में बताने के लिए वहां गया था। बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं, क्षितिज ने सोचा कि हम पैसे बांट रहे हैं। चुनाव आयोग और पुलिस को जांच करने दें, मैं 40 साल से पार्टी में हूं, पूरी पार्टी मुझे जानती है। फिर भी मेरा मानना है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि मुंबई के विवांता होटल में विनोद तावड़े और स्थानीय नेता राजन नाइक को बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। इस दौरान भाजपा और बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर हंगामा भी हुआ। फिलहाल, कई पुलिस अधिकारी होटल में मौजूद हैं। स्थित तनावपूर्ण होने के चलते होटल को सील कर दिया गया है। उधर, भाजपा नेता विनोद तवाड़े के वायरल वीडियो पर शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी की प्रतिक्रिया सामने आई है।